हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, मंगलवार, 4 नवंबर 2025

11 इनेलो ने किया विरोध प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



12 बामडोली की समस्या हल कराने को सीएम को भेजा पत्र



**खबर संक्षेप**

### अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें : डीसी

**बहादुरगढ़।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि बहादुरगढ़, सांखोल और परनाला क्षेत्रों में कुछ व्यक्तियों द्वारा संबंधित विभाग से लाइसेंस, सीएलयू या एनओसी प्राप्त किए बिना अवैध रूप से कॉलोनियों को विकसित किया जा रहा है। डीसी ने स्पष्ट किया कि जिले में बिना अनुमति के विकसित की जा रही किसी भी कॉलोनी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नवीनतम राजस्व अभिलेख (जमाबंदी, इंतकाल आदि) उपलब्ध कराएं और साथ ही इन खसरा नंबरों में किसी भी प्रकार की बिक्री, एग्रीमेंट टू सेल, फुल पेमेंट एग्रीमेंट या पावर ऑफ अटॉर्नी का पंजीकरण या क्रियान्वयन न करें। उन्होंने बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि वे चिन्हित क्षेत्रों में किसी प्रकार के बिजली कनेक्शन जारी ना किए जाएं। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि वे किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पूर्व संबंधित विभाग से जानकारी अवश्य प्राप्त करें।



बहादुरगढ़। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल

### दिल्ली में कल से होगा राष्ट्रीय गोधन शिखर सम्मेलन

**बहादुरगढ़।** भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश छिक्कारा ने बताया कि राष्ट्रीय गोधन महासंघ द्वारा विशाल राष्ट्रीय गोधन शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 5 से 10 नवंबर तक राष्ट्रीय गोधन शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।



सम्मेलन के सह-संयोजक का दायित्व संभाल रहे सतीश छिक्कारा ने बताया कि यह सम्मेलन गो-कल्याण और गो आधारित सतत नवाचारों को बढ़ावा देगा। इसमें किसान बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। शिखर सम्मेलन के मूल में पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार पर ध्यान केंद्रित करना है। छिक्कारा ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न जिलों व हलकों में किसानों को सम्मेलन के निमंत्रण दिए जा रहे हैं।

## झज्जर के तैराकों की सुनामी




**550** तैराक भाग ले रहे हैं हरियाणा ओलंपिक गेम्स के तैराकी मुकाबलों में, बहादुरगढ़ की एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्विमिंग पूल पर हो रही है राज्यस्तरीय प्रतियोगिता।

**2036** के ओलंपिक गेम्स की तैयारी, झज्जर ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक व 400 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट में गोल्ड जीता। तैराकी के साथ वाटरपोलो और ट्रायथलॉन के मुकाबले भी होंगे। - खबर पेज 12 पर

## एशियन यूथ गेम्स की बीच रेसलिंग में अर्जुन को गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बहरीन में हुए यूथ एशियन गेम्स में हिन्द केसरी सोनू अखाड़े का पहलवान अर्जुन रूहल छाया रहा। बेहतरीन दांव पेच व दमखम के बल पर अर्जुन ने बीच रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता।

गत 22 से 31 अक्टूबर तक बहरीन में यूथ एशियन गेम्स का आयोजन हुआ था। यहां हुई बीच रेलसिंग में मांडोठी के सोनू अखाड़े के पहलवान अर्जुन ने अपनी चमक बिखेरी। अर्जुन ने 90 केजी भार्ग वर्ग में सऊदी अरब के पहलवान को 2-0, बहरीन के 4-0, थाईलैंड के 2-1, वियतनाम के 4-0 तथा ईरान के पहलवान को 3-2 के अंतर से हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। अर्जुन गांव रोहद का रहने वाला है और सोनू अखाड़े में अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहा है। अखाड़े में पहुंचने पर हिन्द केसरी सोनू पहलवान, अर्जुन अवॉर्डी ओमवीर पहलवान, कोच सुधीर दलाल, सेठी पहलवान, मुकेश कोच, रिंकू, अनुराग, सरूप पहलवान, संजय रोहद, कृष्ण छारा, प्रभु छारा, कालू पहलवान, पातर सिंह, वीरेंद्र, जितेंद्र दलाल, सत्येंद्र, संजय बामडोली, बिल्लू ठेकेदार, राजू सरपंच, पवन जाखोदा, रामकिशन व जीता सहित अन्य ने अर्जुन रूहल को बधाई दी।

### प्रदूषण से राहत : एक्यूआई 313 से घटकर 202 पर पहुंचा

# दिल्ली में जा सकेंगे बीएस-4 व्यावसायिक वाहन, मिली छूट

**ग्रैप के दूसरे चरण की पाबंदियां जारी, डीसी ने कड़ाई से पालना करवाने के दिए आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोमवार को बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। रविवार को जहां शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 313 था, वहीं सोमवार को यह घटकर 202 पर पहुंच गया। झज्जर जिले में ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के दूसरे चरण की पाबंदियां जारी हैं। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने ऐसे में आमजन से प्रदूषण नियंत्रण में भागीदार बनने का आह्वान किया है।

बता दें कि हवा की गति बढ़ने और प्रदूषण नियंत्रण उपायों के असर से वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी से निकलकर खराब श्रेणी में आ गई। हालांकि दिल्ली सीमा पर वाहनों की जांच का अभियान सोमवार को भी जारी रहा। पुलिस और परिवहन विभाग की टीमों ने टीकरी बॉर्डर पर वाहनों की जांच की। बीएस-6 से कम मानक वाले वाहनों को रोकने की कार्रवाई जारी है, हालांकि बीएस-4 वाहनों को फिलहाल राहत दी गई है। अभी दिल्ली में बीएस-4 और बीएस-6 व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश जारी रहेगा, जबकि पूर्व में एक नवंबर से बीएस-4 व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई थी। जिसे अब हटा दिया गया है। इसके स्थान पर बीएस-एक, दो व तीन के व्यावसायिक वाहनों का संचालन दिल्ली में नहीं हो सकेगा।




बहादुरगढ़। प्रदूषण नियंत्रण के लिए एंटी स्मॉग गन का किया प्रयोग।

### पेड़-पौधों पर पानी का छिड़काव जरूरी : डीसी

जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के तहत लगाए गए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान के तहत कड़ी निगरानी जारी रहेगी। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। सभी विभाग वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने के लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें। डीसी ने निर्देश दिए कि शहरों की सभी प्रमुख सड़कों और औद्योगिक इलाकों में धूल नियंत्रण उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाए। संबंधित विभाग नियमित रूप से सड़कों के किनारे पेड़ों और पौधों पर पानी का छिड़काव करवाएं, ताकि धूलकणों से राहत मिल सके। जहां धूल का स्तर अधिक है, उन स्थानों पर एंटी-स्मॉग गन का प्रयोग किया जाए।

### कूड़ा न जलाएं

एसडीएम नसीब कुमार ने बताया कि कूड़ा या किसी भी प्रकार के अपशिष्ट जलाने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। विभागों को ऐसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी सभी गतिविधियों की निगरानी और रिपोर्टिंग नियमित रूप से की जा रही है। शहर की सड़कों व राजमार्गों पर धूल के हॉटस्पॉट चिह्नित कर नियमित साफ-सफाई और पानी का छिड़काव किया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित सभी विभागों के निर्माण कार्यों और औद्योगिक इकाइयों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

## घर से घूमने निकले दो दोस्तों को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

- गांव गंगड़वा के रहने वाले योगेंद्र को जाफरपुर के अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया
- हादसे में शामिल कार का नंबर पुलिस को मिला, लापरवाह चालक के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव गंगड़वा में सोमवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। सुबह के वक्त घर से टहलने के लिए निकले दो दोस्त तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। घायल की शिकायत पर बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान करीब 22 वर्षीय जतिन के रूप में हुई है। जतिन गांव गंगड़वा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, जतिन और उसका दोस्त योगेंद्र सोमवार सुबह बादली-बहादुरगढ़ रोड की ओर घूमने गए थे।

करीब पौने सात बजे जब घूम फिरकर अपने घर की ओर जाने लगे तो एक ढाबे के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से रफ्तार स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों दूर जा गिरे। इस हादसे में दोनों को गंभीर चोट आई। परिजनों ने उनको संभाला और अस्पताल लेकर गए। योगेंद्र को जाफरपुर तथा जतिन को पीजीआई ले जाया गया। पीजीआई में इलाज के दौरान जतिन को मृत घोषित कर दिया गया।

वहीं, सूचना पाकर बादली थाने से पुलिस मौके हरकत में आई। एक टीम घायल के बयान लेने जाफरपुर गई तो दूसरी टीम पीजीआई रवाना हुई। योगेंद्र का आरोप है कि कार तेज गति में थी। चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

योगेंद्र के बयान के बाद पुलिस ने कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया। गाड़ी का नंबर पुलिस को मिल गया है। वहीं पीजीआई में सोमवार शाम को जतिन के शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई।

### लापता शख्स का पानी में मिला शव

**बहादुरगढ़।** गांव कुलासी से लापता एक शख्स का शव सराय-कसार रोड स्थित एक पानी से भरे गड्ढे में मिला। व्यक्ति किन परिस्थितियों में पानी में गिरा, यह स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। दरअसल, सराय-कसार स्थित खेतों में बने एक गड्ढे में किसी की नजर पड़ी तो वहां पानी में शव नजर आया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सेक्टर-6 थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। गड्ढे से बाहर निकाला गया शव सड़ी गली अवस्था में था। शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया। शरीर पर सिक्योरिटी कंपनी की ड्रेस थी। इस आधार पर शिनाख्त हो पाई। मृतक करीब 45 वर्षीय मंजीत गांव कुलासी का रहने वाला था। वह किसी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड था और गत 28 अक्टूबर से लापता था। अब उसका शव रविवार को बरामद हुआ। पुलिस ने परिजनों के बयान पर नियमानुसार कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी पुलिस को इंतजार है।

- कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड था कुलासी निवासी मंजीत, 28 अक्टूबर से लापता था

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

बहादुरगढ़। सेक्टर-2 व 6 के डिवाइडिंग रोड पर जलघर के पास सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा रविवार की रात को हुआ। यहां अनियंत्रित होकर एक बाइक डिग्गी के पास गड्ढे में जा गिरी। बाइक सवार को गंभीर चोट आई। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर सेक्टर 6 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान सुधीर के रूप में हुई है।

## एसडीएम ने किया अनाज मंडी का दौरा, धान खरीद का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

सोमवार को एसडीएम रेणुका नांदल ने स्थानीय अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद का जायजा लिया। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को खरीद कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि खरीद के साथ ही धान उपज का उठान किया जाए ताकि मंडी में किसानों को पीआर धान उपज बेचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने मार्केट कमेटी व खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे धान के खरीद कार्य को लेकर अपनी सभी तैयारियां पूरी रखें। इस दौरान हरियाणा वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंधक अजय बेनीवाल ने एसडीएम को खरीद की जानकारी दी और बताया कि अब तक मंडी में पीआर वैरायटी के 1097 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है।



झज्जर। धान की खरीद के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

## छात्र की जान बचाने पर पुलिस कमिश्नर का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में दौड़ के दौरान बेहोश हुए एक छात्र की समय पर सहायता कर उसकी मदद के लिए पहल पर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह का सोमवार को छात्र और उसके परिवार ने धन्यवाद किया। परिजनों ने पुष्पगुच्छ और शाल भेंटकर पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह का सम्मान किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

- रन फॉर यूनिटी के दौरान बेहोश छात्र की डॉ. राजश्री ने की थी मदद

बता दें कि 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी में सैकड़ों विद्यार्थी जोश और उत्साह के साथ भाग ले रहे थे। दौड़ के दौरान अचानक एक छात्र अस्वस्थ होकर सड़क पर गिर पड़ा। उसी समय कार्यक्रम स्थल पर मौजूद पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बिना विलंब किए स्वयं मौके पर पहुंचकर बच्चे को संभाला। उन्होंने तुरंत प्राथमिक उपचार की व्यवस्था कराई और पुलिस की गाड़ी से उसे नागरिक अस्पताल भेजा। उनके त्वरित और संवेदनशील निर्णय से बच्चे की स्थिति शीघ्र ही सामान्य हो गई। आज जब छात्र पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने माता-पिता के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचा और पुलिस कमिश्नर को पारंपरिक सम्मान के साथ आभार जताया। वहीं पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हर पुलिस अधिकारी का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि समाज में मानवीय संवेदनशीलता को जीवित रखना भी है।



झज्जर। पुलिस कमिश्नर को शॉल भेंट कर सम्मानित करते हुए छात्र के परिजन।



झज्जर। ऑनलाइन रजिस्ट्री के दौरान डिजिटल पैड पर हस्ताक्षर करतीं धर्मवती।

### पहले दिन हुई केवल एक ऑनलाइन रजिस्ट्री

**झज्जर।** मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली लागू करने की घोषणा के बाद शहर के लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र में सोमवार से इस सेवा की शुरुआत की गई। पहले दिन एक रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें तहसीलदार शेखर नरवाल ने स्वयं उपस्थित रहकर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कराई। हालांकि शुरुआत के दिन लोगों को नई प्रणाली से जूझना पड़ा। रजिस्ट्री कराने आए नागरिकों को डिजिटल पैड पर हस्ताक्षर करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। हस्ताक्षर निश्चित दायरे से बाहर चले जाने या बहुत छोटे बनने के कारण कई बार प्रयास करने पड़े। किसान क्रेडिट कार्ड से संबंधित रजिस्ट्री कराने पहुंची लुहारी निवासी धर्मवती ने बताया कि उन्हें सही हस्ताक्षर करने के लिए दस से अधिक बार कोशिश करनी पड़ी। उनका कहना रहा कि डिजिटल पैड पर लिखावट स्पष्ट न दिखने से हस्ताक्षर अंदाजे से करने पड़ते हैं। एडवोकेट राकेश ने सुझाव दिया कि अगर डिजिटल पैड पर किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखें तो प्रक्रिया और भी सहज हो जाएगी। कर्मचारियों ने भी स्वीकार किया कि नया सॉफ्टवेयर होने के कारण शुरुआती दिनों में थोड़ी तकनीकी परेशानी आ रही है, जिसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा।

**विकास** | **विधायक राजेश जून ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ**

# मांडोठी और बेरी रोड पर 5 करोड़ रुपये में बनेंगी सड़कें



बहादुरगढ़। मांडोठी में नारियल फोड़कर सड़क निर्माण का शुभारंभ करते विधायक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने गांव मांडोठी में नारियल फोड़कर लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। ग्रामीणों ने लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क निर्माण शुरू होने पर खुशी जताते हुए विधायक राजेश जून का आभार जताया। गऊशाला प्रधान कृष्ण, पहलवान बल्लू, गोरधन, बिल्लू, राकेश दलाल, कृष्ण, सुखबीर फौजी, टेकराम व लोकेश आदि ग्रामीणों ने फूलमालाओं से विधायक राजेश जून का जोरदार स्वागत किया।

विधायक ने बताया कि मांडोठी में दादा बूढ़ा मंदिर से आसौदा गांव तक सवा तीन किलोमीटर लंबी और 80 एमएम मोटी नई सड़क बनाई जाएगी। इसमें 400 मीटर आरसीसी निर्माण शामिल रहेगा। इसके साथ ही 12 फुट चौड़ी सड़क को 18 फुट तक विस्तारित किया जाएगा, जिस पर करीब 2.50 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। उन्होंने बेरी रोड से नेशनल हाइवे-9 (दिल्ली-रोहतक रोड) तक बनने वाली 4200 मीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इसके निर्माण पर भी करीब 2.5 करोड़ रुपये लागत आएगी। विधायक राजेश जून ने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी ने बहादुरगढ़ हलके की सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए उनके प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए विधायक कोटे से 25 करोड़ रुपये की विशेष धनराशि 2025-26 के बजट में स्वीकृत की है। इन्हीं निधियों से इन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

सीएम नायब सैनी का आभार जताते हुए विधायक राजेश जून ने बताया कि बहादुरगढ़ हलके की लगभग 85 प्रतिशत सड़कें नई बन चुकी हैं या निर्माणाधीन हैं और शेष सड़कों का कार्य भी जल्द पूरा कराया जाएगा।

## युवती ने पांचवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**रोहतक।** देव कॉलोनी में सोमवार तड़के एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां झज्जर की रहने वाली 27 वर्षीय विवाहित युवती ने पांचवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पीजीआई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान आशा पत्नी मनीत निवासी झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आशा पिछले दो दिन से अपनी बहन की बेटी के साथ देव कॉलोनी स्थित एक पीजी में रह रही थी। परिजनों ने बताया कि आशा पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से काफी परेशान थी। रविवार देर रात तक वह कमरे में सामान्य थी, लेकिन सुबह करीब 3 बजे उसने अचानक पीजी की पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। गिरने की आवाज सुनकर निशा की नींद खुल गई। जब उसने बाहर झांका तो अपनी मौसी को नीचे खून से लथपथ हालत में देखा। उसने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीजीआई थाना प्रभारी रोशन लाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई के डेड हाउस भेजा गया। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। एसएचओ रोशन लाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।

- झज्जर की रहने वाली थी आशा, बहन की बेटी के साथ रोहतक के पीजी में रह रही थी



# अपनी कामयाबी को ऐसे रखिए कायम

कामयाब होना तो कठिन है ही, अपनी कामयाबी को संभाले रखना, इसे नई ऊंचाई देना और भी कठिन काम है। कामयाबी पर हम कैसे टिके रहें, नए-नए सोपान तय करें, इसके लिए प्रोफेशनल फ्रंट पर हम किन विशेष बातों को ध्यान में रखें, इसके लिए अपनी सोच कैसी रखें, आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

कामयाबी ऐसे ही किसी को आसानी से नहीं मिल जाती। इसे पाने की यात्रा का संघर्ष बहुत मुश्किल होता है। इससे कहीं ज्यादा कठिन होता है, हासिल की गई कामयाबी को बनाए रखना, मेहनत के साथ मिली कामयाबी पर टिके रहना, प्रोफेशनल फ्रंट पर खुद को निरंतर संवारते रहना, साथ ही व्यक्तिगत फ्रंट पर सहज बने रहना। असल में सफलता को पाना और सफल होने पर इसे संभालना, दोनों ही बहुत मुश्किल काम हैं। अपनी कामयाबी को अहंकार और असहयोगी रवैये के कारण खो देने वाले लोगों के उदाहरण हर फील्ड में मिल जाएंगे। बहुत से चर्चित और सफल लोग, लंबे संघर्ष के बाद पाई कामयाबी को छोटी-छोटी गलतियों के चलते गंवा देते हैं। उनसे सबक लेना और समय रहते संभलना भी एक स्किल ही है। ऊंचाइयों पर पहुंचने के बाद भी सजगता और सहजता से जीवन जीते हुए किन बातों का ध्यान रखकर अपनी कामयाबी को कायम रखें, जानिए-

## ग्रेटिट्यूड का भाव

ग्रेटिट्यूड यानी कृतज्ञता का भाव सफलता को और सार्थक, और टिकाऊ बनाता है। इसीलिए अपनी कामयाबी का उत्सव मनाते हुए इस यात्रा में सहयोगी रहे लोगों को कभी न भूलें। जब भी, जैसे रूप में भी संभव हो, उन लोगों को जैसे माता-पिता, मित्र, शिक्षक या सहकर्मी को धन्यवाद कहें। इनके प्रति आभार जताना कभी न भूलें। आमतौर पर सफलता पाने के बाद लोग आत्मकेंद्रित हो जाते हैं, जबकि जीवन को तो सांप-सीढ़ी के खेल जैसा माना जाता है, कभी ऊंचाइयों का दौर, तो कभी नाकामयाबी का समय। परिस्थितियां बदलती रहती हैं। ऐसे में अपने अच्छे वक्त में भी दूसरों के साथ अच्छे बने रहें, सकारात्मक बर्ताव करें। कम से कम, किसी को कमतर समझने की गलती तो बिल्कुल भी न करें।

## सहयोगी सोच है जरूरी

सफलता पाने के बाद भी अच्छे आचरण की अहमियत खत्म नहीं हो जाती। सच तो यह है कि अपनी सफलता को बनाए रखने के लिए अपने व्यवहार में सकारात्मकता और सहयोगी भाव और जरूरी हो जाते हैं। इसीलिए अपने आत्मविश्वास को अति-आत्मविश्वास में कभी न बदलने दें। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने का ट्रेंड हमेशा रहा है और रहेगा। सफल होने का मतलब अपनी कमजोरियों को भूल जाना नहीं होता, न ही दूसरों की काबिलियत की अनदेखी करने से आपकी कामयाबी कुछ विशेष हो जाती है। कोशिश कीजिए, आप संघर्ष कर रहे किसी अपने-पराए के मददगार बनें। आगे बढ़ने, बेहतर बनने में किसी का मार्गदर्शन करें। ऐसा करने से आप खुद भी कुछ नया सीखेंगी। कभी-कभी साझा लक्ष्य पर काम करने की यह रणनीति आपको और नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी। किसी को दिया जा रहा सहयोग, आपके किसी समाधान का मार्ग भी निकाल सकता है। देखा जाए तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने ही परिवेश को कुछ लौटाने जैसा है। इसीलिए कहा जाता है, सहयोग से पूरे समाज की उन्नति होती है। सहयोगी व्यवहार से न केवल जुड़ाव और अपनापन बढ़ता है, बल्कि प्रोफेशनल संसार के संबंधों को मजबूती भी मिलती है।

### आत्म-जागरूकता और सहजता जरूरी

किसी क्षेत्र विशेष में सफल होने का अर्थ यह नहीं कि आप अपने आप में पूर्ण या संपूर्ण हो गई हैं। साथ ही यह भी नहीं सोचना चाहिए कि अब सारी परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। जिंदगी



समय-समय पर इम्तिहान लेती रहती है। किसी न किसी रूप में उलझनें सामने आती रहती हैं। इस पड़ाव पर आत्म-जागरूकता और सहजता आवश्यक है। अहंकार से दूरी रखना जरूरी है। मनोवैज्ञानिक विश्लेषणों में भी सामने आया है कि अहंकार सफलता का एक स्वाभाविक परिणाम नहीं है। कामयाबी के गुरूर से इंसान का बदलता व्यवहार ही ईगो की ओर धकेलता है। वहीं, सफलता के दौर में सहज और विनम्र रहने वाले इंसान का मन सदा ग्रेटिट्यूड के भाव से भरा रहता है।

## बुरी आदतों से बचें

कामयाबी के दौर में बुरी आदतों के घेरे में आकर खुद को खो देने वाले लोगों के बहुत से उदाहरण मिलते हैं। इसीलिए सफलता को कोई सनक न बनाएं। खुद को खास दिखाने के लिए अजब-गजब आदतों के जाल में न फंसें, प्रोक्रास्टिनेशन यानी अपने काम को टालते रहना हो या दिनचर्या बिगाड़ लेना, किसी तरह की लत का शिकार होना हो या अपने आपको दिखावे की लाइफस्टाइल में उलझा लेना, ऐसी हर बात से बचिए, जो आपको दिशाहीन करती है। याद रखिए कि



अपनी सफलता को जीना अलग बात है और उसका सिर चढ़ जाना अलग। इस अंतर को समझते हुए खुद को संवारते रहना ही कामयाबी को टिकाऊ बनाता है। संघर्ष का समय बीतने के बाद भी सफलता पाने वाले लोग अनुशासित जीवन जीते हैं और आत्म-निरीक्षण को प्राथमिकता देते हैं। a



घर की तमाम जिम्मेदारियों को निभाते हुए हाउस वाइव्स का खुद के लिए यानी मी टाइम निकालना जरूरी है। इससे वे अपने को रिचार्ज महसूस करेंगी, उन्हें कभी स्ट्रेस नहीं होगा। लेकिन मी टाइम के लिए वर्क मैनेजमेंट का हुनर जरूरी है।

# बिजी लाइफ में भी खुद के लिए निकालें मी टाइम

एडवाइस
शीला श्रीवास्तव

हाउस वाइव्स की अकसर यह शिकायत रहती है कि वे खुद के लिए समय ही नहीं निकाल पातीं। वाकई रुटीन मैनेजमेंट उनके लिए एक चैलेंज की तरह होता है। उन्हें बच्चों के स्कूल, ट्यूशन, ऑनलाइन क्लासेस, हसबैंड के ऑफिस और घर के बड़े-बुजुर्गों की देखभाल के बीच अपने लिए समय नहीं मिल पाता। अपने लिए समय निकालना कितना जरूरी है, इस पर वे कुछ सोचती नहीं हैं। लेकिन अपने लिए समय ना निकालने की वजह से हाउस वाइव्स स्ट्रेस में आ जाती हैं। नतीजतन उन्हें छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है, जो आगे चलकर शारीरिक और मानसिक रोगों का कारण बनता है। सवाल यह है कि हाउस वाइव्स खुद के लिए मी टाइम कैसे निकालें-

**जरूरी है मी टाइम:** तमाम जिम्मेदारियों के बीच खुद के लिए समय निकालना 'मी टाइम' है। स्ट्रेस फ्री रहने के लिए यह बहुत जरूरी है। मी टाइम ब्रेन को रिचार्ज करता है। भले ही मी टाइम एक घंटे का हो, लेकिन होना जरूर चाहिए। इस समय आप बस अपने लिए जिएं, खुद को खुशी देने वाले काम करें। एक बार मी टाइम पर फोकस करके देखिए, आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगी। इतना ही नहीं, आप जीवन के अलग-अलग पहलुओं पर गहराई से सोच सकेंगी। खुद को बेहतर समझ पाएंगी और अपनी कमजोरियों और खूबियों पर मंथन कर सकेंगी। साथ ही आप अपने रिश्ते को और बेहतर बनाने पर विचार कर पाएंगी।

**पा सकती हैं खोई हुई एनर्जी:** मी टाइम से आप अपनी खोई हुई एनर्जी वापस पा सकतीं हैं। मी टाइम निकालने के लिए सबसे जरूरी है कि पहले वर्क मैनेजमेंट करें, क्योंकि आप अपने घर के कार्यों को व्यवस्थित कर पाएंगी तो आपके लिए मी टाइम निकालना आसान हो जाएगा। वर्क मैनेजमेंट सही करने के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना होगा।

**खुद को दें प्रॉयोरिटी:** आपके परिवार में किसी को भी कोई जरूरत हो तो वह आपके पास आते हैं। ऐसे में गृहिणियों के लिए तनाव रहित रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि अगर आपका स्वभाव चिड़चिड़ा होगा तो आप चाहकर भी किसी की पूरे मन से मदद नहीं कर पाएंगी। इसलिए खुद को प्रॉयोरिटी दें। अपनी पसंद की चीजों पर ध्यान दें। खुद के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। खुद के पसंद की म्यूजिक सुनें, डांस करें या फिर खुद के पसंद के अन्य काम करें।

### अपना टाइम टेबल बनाएं



मी टाइम निकालने के लिए सबसे पहले आप अपने घर के कार्यों का समय तय करें। इसके लिए जरूरी है कि आप टाइम टेबल बनाएं और हर काम का समय तय करें। टाइम टेबल के हिसाब से किया गया काम हमेशा समय से होता है, इससे आप आसानी से समय निकाल कर अपनी रुचि के काम कर सकती हैं।

**लाइफस्टाइल में बदलाव:** सुबह उठने की आदत डालनी होगी। अगर आप देरी से उठेंगी तो घर का काम भी देरी से शुरू होगा और आपका सारा दिन झुंझलाहट में बीतेगा। खुद के लिए वक्त निकालना मुश्किल होगा।

**सोशल मीडिया पर ज्यादा बिजी न रहें:** अकसर देखा गया है कि महिलाएं सुबह से ही सोशल मीडिया पर कमेंट और लाइक्स देखने और उसका जबाव देने में बिजी हो जाती हैं, जिससे उन्हें समय का पता ही नहीं चलता। सोशल मीडिया पर एक्टिव होने के लिए आप एक समय तय करें, ताकि आप काम के स्ट्रेस से भी दूर रहें और मी टाइम निकाल सकें।

**घर के लोगों से लें मदद:** महिलाओं की यह आदत होती है कि हर काम अकेले ही करना चाहती हैं, जो ठीक नहीं है। घर के अन्य सदस्यों से थोड़ी-थोड़ी मदद लें। बच्चों से आप उनका कमरा ठीक करने, अलमारी और किताबें ठीक करने के लिए कहें। इससे वे खुद भी व्यवस्थित व अनुशासित बनेंगे। इससे आप अकेली पर काम का सारा बोझ नहीं पड़ेगा। a

स्पेशल : इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, 7 नवंबर

शिशु देखभाल की समझ बढ़ाने, बाल मृत्यु दर में कमी लाने और नवजात बच्चों की देखभाल से जुड़ी सर्विसेज के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर साल 7 नवंबर को इंफेंट प्रोटेक्शन-डे मनाया जाता है। न्यू बॉर्न बेबी की देख-भाल के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, जानिए।

# न्यू बॉर्न बेबी सजगता से हो देख-भाल

लालन-पालन
चैतन्या

बच्चे के जन्म के बाद कुछ दिनों तक न केवल न्यू बॉर्न बेबी की विशेष देखभाल की जरूरत होती है बल्कि बहुत सी छोटी-छोटी बातों को लेकर सजगता बरतना भी जरूरी है। हमारे यहां नवजात यानी न्यू बॉर्न बेबीज की सुरक्षा के मामले में आज भी अवेयरनेस की कमी देखी जाती है। असल में नवजात बच्चों की मेडिकल केयर के साथ ही, अपनों की स्नेह भरी देख-भाल, स्वच्छता, स्तनपान और वैक्सीनेशन जैसी बातों को लेकर जागरुकता होनी जरूरी है।



**किसे कहते हैं न्यू बॉर्न बेबी:** आम बोलचाल की भाषा में कुछ घंटों, दिनों या एक महीने तक के बच्चे को न्यू बॉर्न बेबी यानी नवजात शिशु कहते हैं। वैसे जन्म से लेकर एक साल की उम्र नवजात अवस्था के तौर पर बच्चे की देखभाल के लिए अहम होती है। घर के बड़ों के लिए बच्चे के दुनिया में दस्तक देने के बाद का यह समय बहुत सजग रहने का होता है। इंफेंट केयर में जरा सी चूक शिशुओं को आगे के लिए भी कई परेशानियों का शिकार बना सकती है। खासकर पैरेंट्स को न्यू बॉर्न बेबी की सुरक्षा और विकास के बारे में अवेयर रहना चाहिए। ब्रेस्ट फीडिंग से लेकर वैक्सीनेशन और किसी तरह की जन्मजात तकलीफ का इलाज करवाने तक, ये शुरुआती दिन बेहद अहम होते हैं। इतना ही नहीं मौसमी बीमारियों और दूसरे इंफेक्शन से बचाने के लिए साफ-सफई का भी ध्यान रखना होता है। असल में ऐसी छोटी-छोटी गलतियों के चलते हमारे देश में आज भी इंफेंट मोरटैलिटी के आंकड़े चिंता का विषय बने हुए हैं। ऐसे में इंफेंट प्रोटेक्शन-डे हर मामले में शिशुओं की बेहतर ढंग से केयर करने से जुड़ी सतर्कता लाने का संदेश देने वाला दिन है।

**स्तनपान और स्वच्छता:** मां के दूध को तो नवजात का पहला टीका कहा जाता है। शिशु के स्वास्थ्य के लिए अमृत माना जाता है। ऐसे में जन्म के बाद बच्चे को ब्रेस्ट फीडिंग करवाना बहुत जरूरी है। इसके लिए माताओं में भी सजगता होना जरूरी है। साथ ही ब्रेस्ट फीडिंग शुरू करने में देरी हो जाए तो नवजात शिशु भी मां का दूध पीने में सहज नहीं रहता। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक सही समय पर बच्चे को मां का दूध पिलाना शुरू कर दिया जाए तो यह न्यू बॉर्न बेबी की सेहत के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है।

**संक्रमित होने से बचाएं:** इंफेंट प्रोटेक्शन-डे, लोगों को साफ-सफाई रखने के लिए भी चेताता है। जन्म के बाद के शुरुआती दिनों में नवजात बच्चों को कई तरह के इंफेक्शन हो सकते हैं। इनकी एक बड़ी वजह स्वच्छता न रखना भी है। हमारे यहां बड़ी संख्या में नवजात शिशुओं का जीवन डिलिवरी के दौरान या जन्म के बाद पहले चौबीस घंटों के भीतर छिन जाता है। इंफेंट मोरटैलिटी के कई कारण हैं। इन जानलेवा वजहों में जन्म के बाद संक्रमित होना भी शामिल है।

**वैक्सीनेशन और पोषण:** बच्चे के जन्म के बाद टीके लगवाने में तो कोई देरी नहीं होनी चाहिए। शिशु को नियमित डॉक्टर को दिखाने, उसके



वजन का ध्यान रखने और चिकित्सक की सलाह के मुताबिक समय-समय पर लगने वाले वैक्सीन लगवाने की प्रक्रिया फॉलो करना जरूरी है। साथ ही सही पोषण का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है। हमें अपने नवजात बच्चे की सुरक्षा को लेकर ज्यादा जागरूक रहने की जरूरत होती है। a



मेकअप
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# फॉलो करें प्रॉपर मेकअप स्टेप्स मिलेगा इंप्रेसिव-परफेक्ट लुक

अगर आप प्रोफेशनल हैं तो मेकअप सही ढंग से अप्लाई करना जरूरी होता है। लेकिन मेकअप शुरू करने से पहले आपको इसके बेसिक्स की जानकारी होनी चाहिए ताकि आप अट्रैक्टिव, इंप्रेसिव दिखें।

**क्लींजर:** मेकअप करने से पहले क्लींजर की मदद से चेहरे को साफ कर लें। आप कॉटन में टोनर लगाकर भी चेहरे को अच्छी तरह साफ कर सकती हैं। इसके बाद ही फेस स्क्रब का यूज करें क्योंकि इससे आपकी स्किन सुंदर और आप अट्रैक्टिव दिखेंगी।

**मॉयश्चराइजर:** स्किन को क्लीन करने के बाद मॉयश्चराइज करें। इसके बाद आप प्राइमर लगाएं ताकि मेकअप देर तक टिका रहे।

**आंखों को करें हाइड्रेटेड:** आंखों के आस-पास की स्किन को हाइड्रेटेड रखने के लिए आई सीरम का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। सामान्यतः हाईड्रेटिंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए और अगर आपकी स्किन ऑयली है तो तेल की अधिक मात्रा को नियंत्रित करने के लिए मैटीफाइंग मॉयश्चराइजर का उपयोग कीजिए। अगर आपकी त्वचा पर दाग, धब्बे, मुंहासे हैं या आंखों के नीचे डार्क सर्कल हैं तो इन्हें कवर करने के लिए कंसीलर कलर करेक्टर का उपयोग करें ताकि त्वचा का रंग नेचुरल दिखे।



**लिप्स के लिए:** अगर आपकी लिपस्टिक कुछ ही समय बाद होंठों से गायब हो जाती है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है। इसके लिए कॉम्पैक्ट पावडर का इस्तेमाल करें, जो लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखेगा। लिपस्टिक लगाने के बाद उस पर टिश्यू पेपर लगाएं। अब, अपने होंठों पर टिश्यू पेपर के ऊपर कुछ लूज कॉम्पैक्ट पावडर या एक लूज सेटिंग पावडर लगाएं। ऐसा करने से आपकी लिपस्टिक पहले की तरह सेट हो जाएगी।

**रिमूव एक्सट्रा ऑयल:** अगर आपकी स्किन पर एक्सट्रा ऑयल दिखता है तो ब्लॉटिंग पेपर का यूज कर सकती हैं। इसके यूज से स्किन से एक्स्ट्रा ऑयल को हटाया या कम किया जा सकता है।

**फाउंडेशन:** अपनी स्किन टोन के हिसाब से फाउंडेशन का यूज करें। फाउंडेशन को अपनी गर्दन पर लगाना न भूलें।

**ब्लश का यूज:** ब्लश का यूज अपनी जरूरत के अनुसार करें क्योंकि इसका ज्यादा उपयोग अननेचुरल दिखेगा। इसे अपने गालों को उभारने के लिए ही उपयोग कीजिए। ज्यादातर स्किन पर हल्का पिंक ब्लश सूट करता है।

**लिपस्टिक-लिप ग्लॉस:** अगर आपको यह महसूस हो कि मैटीफाइंग लिपस्टिक से आपके लिप्स ड्राई हो रहे हैं तो किसी लिप बाम के बाद लिपस्टिक अप्लाई करें।

**सेटिंग स्प्रे:** अपने मेकअप को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए सेटिंग स्प्रे का यूज कीजिए। लेकिन आंखों को बंद रखें और होंठों को भी कवर रखें। a

मेडिकल सजेशन
डॉ. भारती कालरा
सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट
करनाल-हरियाणा

अपने जरूरी पर्सनल वर्क के लिए कई महिलाएं पीरियड्स को डिले करने के लिए मेडिसिन ले लेती हैं। लेकिन ऐसा करने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट करना जरूरी है। लापरवाही हार्मफुल हो सकती है।

# डॉक्टर से कंसल्टेशन पर ही लें पीरियड्स-डिले मेडिसिन

पीरियड्स एक नेचुरल फिजिकल साइकिल है, जिससे टीनएज से 45-50 वर्ष की उम्र के बीच की हर महिला गुजरती है। लेकिन कई बार मैरिज, स्पेशल फंक्शन, सैर-सपाटे, स्टडी जैसे किसी विशेष अवसर पर कुछ महिलाएं पीरियड्स रोकने के लिए मेडिकल स्टोर में आसानी से उपलब्ध पीरियड्स डिले करने वाली हार्मोनल पिल्स ले लेती हैं। इन दवाओं के गलत डोज या साइड इफेक्ट्स की वजह से कई शारीरिक समस्याओं के साथ जीवन पर भी संकट मंडरा सकता है।



**कैसे काम करती हैं ये दवाएं:** मेडिकली देखें तो महिला के शरीर में प्रत्येक पीरियड साइकिल के दौरान प्रोजेस्ट्रॉन हार्मोन का लेवल प्राकृतिक रूप से कम हो जाता है, जिसकी वजह से यूट्रस की लाइनिंग गिरने लगती हैं और पीरियड्स शुरू हो जाते हैं। पीरियड्स-डिले पिल्स, मुख्य तौर पर दो तरह की हार्मोनल दवाइयां होती हैं, जिनमें या तो सिर्फ सिंथेटिक प्रोजेस्ट्रॉन होता है या फिर एस्ट्रोजन-प्रोजेस्ट्रॉन का मिश्रण होता है। इनके सेवन से महिला के शरीर में प्रोजेस्ट्रॉन लेवल कम नहीं हो पाता और पीरियड्स रुक जाते हैं यानी, ये दवाएं अस्थाई रूप से पीरियड साइकिल को रोककर पीरियड्स को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। साथ ही महिलाओं के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को रेगुलेट करने में मदद करती हैं।

**क्या होते हैं साइड इफेक्ट्स:** हालांकि ये दवाइयां सुरक्षित होती हैं, लेकिन संभावित साइड इफेक्ट से बचने के लिए इन्हें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर सही तरीके और सही डोज में ही लेनी चाहिए। इन्हें लेने पर कुछ सामान्य साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं, सिर-दर्द होना, ब्रेस्ट में दर्द होना, पेट फूला-सा लगना, वजन बढ़ना, मितली-उल्टी की फीलिंग होना, पैर में दर्द, ब्लड प्रेशर बढ़ना आदि। कुछ मामलों में शरीर में हार्मोन और रक्त में मौजूद रसायनों का संतुलन गड़बड़ा जाता है। धमनियों में ब्लड क्लॉटिंग या डीप वेन थ्रोम्बोसिस होने का खतरा रहता है। हार्मोनल दवाइयों के हाई डोज से ब्लड प्रेशर और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे हार्ट रेट गड़बड़ा सकता है।

**इन्हें होता है अधिक रिस्क:** पीरियड्स-डिले करने वाली दवाओं का सेवन करने में ऐसी महिलाओं को पूरी एहतियात बरतनी चाहिए, जो पीसीओएस, माइग्रेन, स्ट्रोक, ब्लड प्रेशर, लिवर, हार्ट डिजीज, डायबिटीज आदि से जूझ रही हों। a

### इन बातों का रखें ध्यान

- हार्मोन पिल्स का सेवन बिना डॉक्टर के परामर्श के न करें।
- जब तक बहुत जरूरी न हो, इन गोलियों का इस्तेमाल न करें।
- एक सप्ताह पहले ही आजमा लें ताकि यदि कोई साइड इफेक्ट हो तो उससे निपटने के लिए समय मिल सके।
- मेडिकल हिस्ट्री और ब्लड टेस्ट जरूर करवाएं। पहले से मौजूद बीमारियों जैसे लिवर, ब्लड प्रेशर, डीवीटी, हार्मोनल असंतुलन में इन्हें बिल्कुल न लें।
- कभी-कभार और डॉक्टर की निगरानी में इनका सेवन सुरक्षित है। लेकिन बार-बार इस्तेमाल शरीर के हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है।

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए 15 तक करें आवेदन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### अध्यापकों का विरोध प्रदर्शन आज

**झज्जर।** विभिन्न लंबित मांगों को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के सदस्यों द्वारा मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। संघ के जिला संयोजक नरेश कुमार ने बताया कि अपनी जायज मांगों को लेकर जिले के अध्यापक दोपहर तीन बजे डीईओ कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे। उनकी मुख्य मांगों में शिक्षकों के मेडिकल बिलों का शीघ्र निपटान करना, बारहवीं कक्षा में पचास प्रतिशत अंक न होने के कारण एसीपी में हो रही देरी को समाप्त करना, महिला शिक्षकों की सीसीएल स्वीकृति में हो रही देरी को दूर करने के अलावा डीईओ कार्यालय से संबंधित मामले शामिल हैं।

### एसडीएम ने सुनीं शिविर में लोगों की समस्याएं

**बेरी।** सोमवार को आयोजित उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम रेणुका नांदल ने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। समाधान शिविर में प्रमुख तौर से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें प्राप्त हुई। निवारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

*खेतों में जलभराव और खाद-बीज समय पर नहीं मिलने का उठाया मुद्दा*

# इनेलो ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**अगली फसल की बुआई पर भी संकट गहराता जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन किया और मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने कहा कि बरसात रुकने के काफी समय बीत जाने के बाद भी आज खेतों में जलभराव हो रखा है, जिसके कारण किसानों की फसल पूर्णतया खराब हो चुकी है। वहीं अगली फसल की बुआई पर भी संकट गहराता जा रहा है।


झज्जर। विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान।

#### भावांतर योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा

किसानों को बाजार में खाद और बीज पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पा रहे हैं। किसानों को खाद व बीज लेने के लिए घंटों लाइनों में लगना पड़ रहा है। इसके अलावा किसानों की फसल पर नमी के नाम पर तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल तक की कटौती की जा रही है, वहीं बाजरे में भावांतर योजना का लाभ भी नहीं मिल पा रहा और एमएसपी पर खरीद भी बंद पड़ी है। इन तमाम समस्याओं को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन सौंपा और सरकार से मांग की कि किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही किसानों की इन समस्याओं का समाधान नहीं किया तो इनेलो पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगी। इस दौरान रामनिवास सैनी, अमरजीत कादियान, राजबीर परनाला, धर्मवीर फौजी, सोनू सैनी, रजनीश, धर्मवीर डोगरा, सुनील, रमेश, खैरती लाल अरोड़ा, सोनू मदाना , पवन धनखड़ महेंद्र सैनी, प्रवीण धनखड़, दिनेश, कर्मवीर, बिंदर, जयपाल, मनोज, प्रीत, मोनू सुखबीर सरोहा, बलबीर सांगवान, भारत नागपाल, देवेंद्र दहिया, सज्जन, भूप सिंह परनाला सहित अन्य भी मौजूद रहे।

*आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग*

# महिला कर्मियों के साथ हुई बदसलूकी के विरोध में प्रदर्शन

- नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़े बहादुरगढ़ के सफाई कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में बीते दिनों दो महिला कर्मियों संग हुई बदसलूकी भरी घटना से सफाई कर्मचारियों में नाराजगी है। सोमवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़े बहादुरगढ़ के सफाई कर्मचारियों ने शहर में प्रदर्शन किया और नगर परिषद के ईओ अरुण नांदल को ज्ञापन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। सोमवार सुबह रेलवे रोड स्थित इंदिरा पार्क में कर्मचारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर ने की, जबकि संचालन अमित परनाला ने किया। बैठक में 26 अक्टूबर को एमडीयू में दो महिला कर्मियों साथ हुई बदसलूकी भरी घटना की कड़ी निंदा की गई।



बहादुरगढ़। शहर में प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

#### घटना मानवता को शर्मसार करने वाली

उस घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग उठाई गई। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि महिलाओं के साथ हुई वह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। बैठक के बाद कर्मचारियों ने प्रदर्शन शुरू किया। रेलवे रोड, रोहतक दिल्ली रोड से होते हुए प्रदर्शनकारी नगर परिषद कार्यालय तक पहुंचे। यहां ईओ अरुण नांदल को मुख्यमंत्री के नामित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में जिला प्रधान राजेंद्र, वरिष्ठ उप प्रधान लीलाराम, कैशियर मुकेश दरोगा, सह सचिव होशियार सिंह, जिला ऑडिटर संदीप, प्रचार सचिव सरोज, कार्यकारिणी सदस्य उषा, हेड दरोगा वेदपाल, नंदराम, कुलदीप, सफाई कर्मचारी विजय, नितिन, पिंकी, सुनील, सुनीता, कलावती, सुमन, राखी, शमशेर, हरी, अजय, मोनू, सागर आदि शामिल थे।

### हरियाणा की शेफाली वर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन से दिलाया विश्व कप : कादियान

*झज्जर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर शेफाली वर्मा ने नवी मुंबई में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल भारत, बल्कि हरियाणा का नाम भी रोशन किया है। बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए शेफाली ने साबित कर दिया कि हरियाणा की मिट्टी में खेल का जोश और जुनून किसी से कम नहीं। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विक्रम कादियान ने भारतीय टीम की ऐतिहासिक विश्व कप विजय पर बधाई देते हुए कही। विक्रम कादियान ने कहा कि रोहतक की बेटी शेफाली वर्मा ने जो कर दिखाया, वह हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने अपने खेल से 140 करोड़ भारतीयों का दिल जीत लिया है और भारत का तिरंगा विश्व मंच पर ऊंचा लहराया है। उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर विश्व कप अपने नाम किया। फाइनल में शेफाली वर्मा ने 87 रनों की शानदार पारी खेली और गेंदबाजी में भी दो विकेट लेकर अहम योगदान दिया। उनके इस ऑलराउंड प्रदर्शन ने उन्हें इस जीत की असली नायिका बना दिया। विक्रम कादियान ने कहा कि यह जीत हरियाणा के लिए गर्व का क्षण है। आज हरियाणा खेलों के क्षेत्र में देश का नेतृत्व कर रहा है। यह सब पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस सरकार के उस दूरदर्शी खेल नीति का परिणाम है, जिसने हरियाणा में खेलों का मजबूत आधारभूत ढांचा तैयार किया और एक नई खेल संस्कृति को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि शेफाली ने एक बार फिर यह साबित किया है कि जब हरियाणा की बेटी मैदान में उतरती है, तो जीत केवल एक लक्ष्य नहीं रहती वह उसका जज्बा बन जाती है। उन्होंने शेफाली वर्मा और पूरी भारतीय टीम को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में उनसे और भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है, जो भारत और हरियाणा दोनों का नाम ऊंचा करेंगे।*


विक्रम कादियान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता

## न्यूज डायरी

### समाधान शिविर में 18 शिकायतें हुईं दर्ज



**झज्जर।** नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने की। शिविर में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें बिजली, पानी, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व, बीपीएल एवं राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, परिवार पहचान पत्र और पंचायत भूमि से संबंधित मामले शामिल रही। डीसी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में ही अधिकांश शिकायतों का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निपटान में देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### संस्कृत भाषा प्रतियोगिता में अंजलि रही प्रथम



**झज्जर।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा सचिवालय से श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के विद्यालयों में आयोजित निबंध लेखन एवं सुनो कहानी श्री गुरु तेग बहादुर जी की प्रतियोगिता का वर्चुअल शुभारंभ किया। स्थानीय शहीद रमेश राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के विद्यार्थी जुड़े। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का संबोधन सुना। इसके बाद विद्यालय में कहानी भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में हिंदी विषय में पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए की छात्रा ममता और अंग्रेजी भाषा में में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय झामरी की आरती और संस्कृत भाषा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मातनहेल की छात्रा अंजलि ने पहला स्थान में प्राप्त किया। पंजाबी भाषा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झांसवा की छात्रा दिव्या प्रथम रही।

### डीसीपी ने डायल 112 की गाड़ियों का किया निरीक्षण



**झज्जर।** सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में डीसीपी हेडक्वार्टर जसलीन कौर ने परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों को पैटर्न की वर्दी पहनने व अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेड के दौरान पुलिस लाइन में थाना प्रबंधकों व जवानों को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने बारे निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी अपने अपने तैनाती क्षेत्र में प्रत्येक गतिविधि पर कड़ी नजर रखें। सभी अपने अपने एरिया के प्रबुद्धजनों के साथ सौहार्दपूर्ण तालमेल बनाकर रखें। बाद में उन्होंने डायल 112 की गाड़ियों का निरीक्षण किया व उन पर तैनात कर्मियों की कार्य कुशलता व दक्षता की भी जांच की। इसके बाद उन्होंने तैनात कर्मचारियों को कहा कि डायल 112 की पहली प्राथमिकता घटनास्थल पर पहुंचने की होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सीए में आरपीएस के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**झज्जर।** हाल ही में घोषित सीए फाउंडेशन परीक्षा परिणामों में आरपीएस स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। प्राचार्या अंजू यादव ने बताया कि परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में अंकित कुमार, प्रिंस व कुणाल शामिल हैं। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन पवित्रा राव, सीईओ मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव एवं आरपीएस स्कूल कोसली के निदेशक हंसराज यादव ने स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ग्रुप डांस में शानदार प्रस्तुति पर कलाकारों का सम्मान



**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में राजकीय माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ की टीम ने ग्रुप डांस में शानदार प्रस्तुति देकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित डीसी स्वप्निल पाटिल, एडीसी जगनिवास, डीईओ राजेश खन्ना आदि ने टीम द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि से भी सम्मानित किया। टीम के स्कूल पहुंचने पर प्राचार्या डॉक्टर लाली कुमारी, इंफॉर्मेशन ऑफिसर रविंद्र कौशिक, स्कूल इंचार्ज डॉक्टर राजबाला जाखड़ और कल्चरल एक्टिविटी की इंचार्ज सुमन ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इंफॉर्मेशन ऑफिसर रविंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल एक नर्सरी की तरह होता है। जैसे नर्सरी में विभिन्न प्रकार के पौधे होते हैं और माली सबको सींच बड़ा करता है उसी प्रकार शिक्षक भी अलग-अलग प्रतिभा रखने वाले सभी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने में उनकी मदद करता है। पूनम, सविता ढुआ, मोनिका, वनीता, कविता, संतोष, अन्नू बाला, गरिमा, सुमन, अंजू, अंजना, जगवंती, सुदेश, मनदीप, राकेश, अशोक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### महेंद्रगढ़ की दिवाक्षी अब बॉलीवुड फिल्म में आएंगी नजर



**महेंद्रगढ़।** आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद की 9वीं कक्षा की छात्रा दिवाक्षी का चयन बॉलीवुड मूवी कला एक संघर्ष में क्लासिकल डांस के लिए किया गया है। यह फिल्म नृत्य और संघर्ष पर आधारित है और दिवाक्षी का चयन इस फिल्म के लिए उनकी बेहतरीन परफॉर्मेंस के आधार पर हुआ। दिवाक्षी ने एक नवंबर को दिल्ली में आयोजित आडिशन में भाग लिया था, जहां फिल्म के डायरेक्टर मिस्टर अली रॉय और सपना सिंह ने उनकी नृत्य प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें फिल्म में शामिल करने का निर्णय लिया। महेंद्रगढ़ निवासी दिवाक्षी की सफलता की कहानी न केवल उनके नृत्य कौशल, बल्कि उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। दिवाक्षी के पिता दीपक व माता ज्योति ने बताया कि वह बचपन से ही नृत्य में रुचि रखती थीं। ढाई साल की उम्र में ही दिवाक्षी ने स्टेज पर नृत्य प्रस्तुतियां देना शुरू कर दिया था। उन्होंने नेशनल यूनियन क्लासिकल डांसर का खिताब भी जीता है और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उनके प्रदर्शन ने न केवल अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया, बल्कि उन्होंने अपने गांव और समाज में भी कला के प्रति जागरूकता और सम्मान बढ़ाया है। फिल्म कला एक संघर्ष में दिवाक्षी के साथ बॉलीवुड के अभिनेता मुस्ताक खान, प्रदीप कावरा, इकरार मल्लिक (यू-ट्यूबर) और डीआईडी के द्वितीय विजेता हरुण राव भी महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यह फिल्म नृत्य की कठिनाइयों और संघर्षों को दर्शाते हुए एक प्रेरणादायक कहानी प्रस्तुत करती है। दिवाक्षी का इस फिल्म में अभिनय करना उनके लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनके कला करियर को एक नई दिशा देगा। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा , डिप्टी सीईओ कुनाल राव व प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि दिवाक्षी का यह सफर न केवल उनकी मेहनत का फल है, बल्कि यह दिखाता है कि अगर कोई अपने लक्ष्यों के प्रति ईमानदार और समर्पित रहे, तो कोई भी सपना असंभव नहीं होता।

# डीसी ने किया ग्रामीणों से सीधा संवाद, सुनीं समस्याएं

- गांव एमपी माजरा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक शिकायतें प्रशासन के सामने रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सोमवार को गांव एमपी माजरा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने की। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए गांव व आसपास क्षेत्रों से आई एक दर्जन से अधिक शिकायतें और सुझाव सुने। रात्रि ठहराव केवल एक प्रशासनिक गतिविधि नहीं, बल्कि यह सरकार की जन संवाद की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन जनता के द्वार तक पहुंच रहा है, जिससे समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने में पारदर्शिता आई है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में गांव एमपी माजरा के एक दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों ने सड़क, जल निकासी, फसल बीमा, आंगनबाड़ी भवन, पशु चिकित्सा केंद्र, बिजली और शिक्षा से जुड़ी समस्याएं रखीं।


झज्जर। विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

#### खेलों का किया शुभारंभ

डीसी ने मौके पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर अधिकांश शिकायतों का समाधान कराया। डीसी ने वॉलीबॉल मैच और बुजुर्गों की दौड़ का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सेना मेडल विजेता सूबेदार मुन्नी राम की वीरांगना लक्ष्मी देवी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की स्टॉल भी लगाई गई। जिसका ग्रामीणों ने लाभ उठाया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### हिंदी प्रश्नोत्तरी में कलाम सदन के विद्यार्थी रहे प्रथम



**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में सोमवार को अंतर सदनीय हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छठी से आठवीं कक्षा तक के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में मिडल हेड अनिता यादव और सहगामी क्रियाओं की प्रमुख कमलेश ढिल्लो ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मंच संचालन हिंदी अध्यापिका सुनीता जाखड़ ने किया। प्रतियोगिता परिणामों में कलाम सदन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रमन सदन के विद्यार्थी द्वितीय, पटेल सदन के विद्यार्थी तृतीय जबकि अटल सदन के विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार मिला। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, जिसका संपूर्ण ज्ञान होना प्रत्येक, भारतवासी के लिए अति आवश्यक है। कोई भी देश तभी आगे बढ़ सकता है, जब सभी उसकी मातृभाषा का सम्मान करें। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया व सचिव हेमंत गुलिया ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवकों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**झज्जर।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में आयोजित राज्यस्तरीय युवा रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में राजकीय महाविद्यालय बिरोहड़ की टीम ने भागीदारी करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। युवा रेडक्रॉस काउंसलर डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा द्वारा आयोजित इस शिविर में कॉलेज की ओर से इश्वलोक, हिमांशु, विकास, राहुल और रोहित ने युवा स्वयंसेवक के रूप में हिस्सा लिया। सभी स्वयंसेवकों ने अनुशासन, समर्पण और दक्षता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता एवं मानसिक स्वास्थ्य जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रोफेसर सतबीर सिंह तथा एडमिनिस्ट्रेटिव इंचार्ज डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने हर्ष जताते हुए कहा कि यह न केवल कॉलेज के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण है। शिविर के समापन के पश्चात सभी प्रतिभागियों का कॉलेज परिसर में औपचारिक स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा।

*श्रीराम मंदिर में बाबा खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया*

# मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे..

**श्याम बाबा का दरबार रंग-बिरंगे फूलों और गुब्बारों से सजाया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

श्रीराम मंदिर में बाबा खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्याम बाबा का दरबार रंग-बिरंगे फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। गायक कलाकारों ने भजन व कीर्तन के माध्यम से बाबा का गुणगान किया और वातावरण को भक्ति रस में सरोबार कर दिया। भजन गायक जगदीश कटारिया, सुनील शम्मी गेरा, सतीश कटारिया, संजय मक्कड़, विनोद मदान, बिट्टू चुघ, नयन हंस, योगेश रंजन, अशोक गेरा सहित कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किए। विनोद मदान ने बाबा का दरबार सुहाना लगता है,..संजय मक्कड़ ने सारे तीर्थ धाम आपके चरणों में..सुनील गेरा ने कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्हीं हनुमान तुम्हारा क्या कहना..सतीश कटारिया ने ऐसा है हारे का सहारा, लगता है सबको प्यारा,..मेरे खाटू वाले का जन्मदिन आया है..प्रवीण सुखीजा ने मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे..अशोक गेरा ने नाम मेरा राधा रानी का जिस जिस ने गाया है, बांके बिहारी ने उसे अपना बनाया है.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया।


झज्जर। श्रीराम मंदिर में बाबा खाटू श्याम के भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु।

- श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया

#### ये मौजूद रहे

*इस अवसर पर समिति प्रधान प्रवीण सुखीजा, भूषण चुघ, विनीत भाटिया, अशोक गेरा, प्रदीप गुलाटी, विजय राखा, रामावतार गेरा, सतीश गाबा, अशोक जैन, भारत भूषण नंदा, राजेंद्र वधवा, भजन लाल, विनोद भूटानी, जगदीश छाबड़ा, शशी कटारिया, सुगंधा चुघ, रिचा नागपाल, सरोज नागपाल, कंचन, ममता कटारिया, सुषमा, सुनीता, आशा, पूनम, सुनीता कक्कड़ सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।*

#### रणजी मैच में यशवर्धन दलाल ने 55 रन बनाकर बढ़ाया जिले का मान

**झज्जर।** गुजरात के अहमदाबाद में चल रहे रणजी ट्राफी मैच के दौरान हरियाणा व गुजरात टीम के बीच हुए क्रिकेट मुकाबले में जिले के क्रिकेटर यशवर्धन दलाल ने 55 रनों की पारी खेल कर अभिभावकों व जिले का नाम रोशन किया है। यशवर्धन दलाल द्वारा बनाए गए इन रनों में पांच चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उसे सबसे ज्यादा रन बनाने पर खिताब भी मिला। यशवर्धन दलाल के पिता शैलेंद्र ने बताया कि वे अपने पुत्र का मैच एक एप के माध्यम से देखते हैं।

**NOTICE**

I, Sheela S/D/W/O Uma Yadav R/o Durga Colony, Bahadurgarh declare that I have lost my original sale deed no. 8177 dt. 05.02.2010 executed by Mrs. Usha Devi W/o Vinod Singh in favour of Jagpati Devi W/o Sh. Vishnudutt Sharma somewhere at Tikri Border Delhi on 10.01.2010 at 17.35 Hrs.

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कासनी, ( झज्जर ) नीलामी सूचना**

साल्हावास खंड के कासनी गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कंडम कमरों व हाल की नीलामी 10-11-2025 को प्रातः 11-00 बजे मौके पर की जाएगी। जिनकी अनुमानित लागत 754000/- रुपए है। प्रत्येक बोली दाता को 10 प्रतिशत डिमांड ड्राफ्ट धरोहर राशी के रूप में विद्यालय मुखिया के नाम देना होगा।

सफल बोली दाता को कुल कीमत का 100 प्रतिशत डिमांड ड्राफ्ट विद्यालय मुखिया के नाम देना होगा। जोकि तुड़ाई का कार्य आरम्भ करने या नीलामी के 7 दिन के अन्दर अन्दर जमा करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा 10 प्रतिशत धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। नीलामी के उपरांत तय समय सीमा में सारा मलबा उठाना होगा व नीलामी स्थल समतल करके देना होगा। अन्यथा उपरोक्त धरोहर राशी जब्त कर ली जाएगी। विद्यालय मुखिया की NOC उपरांत ही बोलीदाता को उपरोक्त धरोहर राशी वापिस की जाएगी। अन्य नियम व शर्ते मौके पर बता दी जायेगी। **प्राचार्या, रा.व.मा.वि. कासनी, झज्जर, मो. 9991575990,7988809490**

# तैराकी मुकाबलों में छाए झज्जर और गुरुग्राम के तैराक

एचएल सिटी की चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी में हो रही तैराकी, वाटरपोलो और ट्रायथलॉन के मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा ओलंपिक गेम्स के तैराकी मुकाबलों में झज्जर के तैराकों का दबदबा नजर आया। बहादुरगढ़ की एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्विमिंग पूल पर तैराकी के मुकाबले सोमवार से शुरू हो गए। झज्जर के तैराक अतुल धनखड़ ने पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में गोल्ड, रोहित ने सिल्वर और पलवल के मोहित ने कांस्य पदक जीता।

## साढ़े 5 सौ तैराक ले रहे भाग

हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बताया कि तैराकी में करीब साढ़े 5 सौ तैराक भाग ले रहे हैं। हरियाणा ने 2036 के ओलंपिक के लिए तैयारी शुरू कर दी है। बहादुरगढ़ में तैराकी के साथ वाटरपोलो और ट्रायथलॉन के मुकाबले भी होंगे। तैराकी मुकाबलों के पहले दिन 400 मीटर फ्री स्टाइल में झज्जर के इशांत ने गोल्ड, प्रशांत ने सिल्वर और रोहित लाठर ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों में गुरुग्राम की साम्या शिंगारी ने गोल्ड, स्तुति चटर्जी ने सिल्वर और एलिशा सरोहा ने कांस्य पदक जीता।


बहादुरगढ़। विजेता तैराक अतुल को आशीर्वाद देते अनिल खत्री और सुरेश जून। फोटो: हरिभूमि

## सौ मीटर बटरफ्लाई में गुरुग्राम के रिजुल को गोल्ड

सौ मीटर बटरफ्लाई में गुरुग्राम के रिजुल भारद्वाज ने गोल्ड, रोहतक के आदिश अहलावत ने सिल्वर और जींद के आदित्य ने कांस्य पदक जीता। गुरुग्राम की स्तुति चटर्जी ने गोल्ड, फरीदाबाद की पूर्णिमा कौशिक ने सिल्वर और गुरुग्राम की काम्या भारद्वाज ने कांस्य पदक हासिल किया। भारत की पहली महिला ओलंपियन शिवानी कटारिया ने भी स्विमिंग पूल पर तैराकों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर रवि शिंगारी, सुरेश जून, सुनील खत्री, बलवान कादयान, हनुमान खत्री, इंस्पेक्टर विकास, जगदीश, कोच साई जाधव, पदमपाल, चेतन, अनुज, प्रकाश कादयान, संदीप कादयान, अनिल शर्मा, धनराज, मुकेश, प्रवीण कादयान, हरबीर ढाका, प्रेम, विनोद, विकास, रणबीर, सोनू सरपंच, पवन, मंजू दहिया व मोना वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हरियाणवी कविताओं ने खूब हंसाया

**बहादुरगढ़।** कलमवीर विचार मंच द्वारा सेक्टर-9 ए स्थित विवेकानंद पार्क में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने हरियाणवी कविताओं से सभी को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि सुशील कुमार ठाकुर ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित रचनाओं को सराहा। कवि कलाकार विरेंद्र कौशिक के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में बीएसएफ से जुड़े रहे लोककवि जगबीर कौशिक ने भी मधुर प्रस्तुति दी। कवि कृष्ण गोपाल विद्यार्थी की हरियाणवी हास्य रचना चुनावी घोषणापत्र भी पसंद की गई। सुनीता के सस्वर काव्य पाठ से गोष्ठी का समापन हुआ।

### खेत से मोटर व बैट्रियां खोल ले गए चोर

**बहादुरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के खेती संबंधित संसाधन चोरों के निशाने पर हैं। अब यहां नयागांव में वारदात हो गई। एक खेत से मोटर तथा प्लाट ट्रैक्टरों की बैट्रियां चुरा ली गई। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नयागांव की निवासी पूजा का कहना है कि उसने खेतों में सोलर पंप लगवा रखा है। अभी हाल ही में जब खेतों में गए तो सोलर पंप की मोटर नहीं मिली। अपने स्तर पर जांच की। इस दौरान पता चला कि खेतों के नजदीक कर्मबीर के प्लाट में खड़े तीन ट्रैक्टरों से भी तीन बैट्रियां निकाली गई हैं।

### पंडित लख्मीचंद धर्मशाला में कल से होगा सांग

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला समिति के सदस्यों की बैठक धर्मशाला परिसर में आयोजित हुई। समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा और महासचिव सतीश शर्मा ने बताया कि 5 से 9 नवंबर तक पंडित लख्मीचंद के सुपौत्र पंडित विष्णुदत्त दर्शकों को रागिनी के माध्यम से विभिन्न किस्से सुनाएंगे। एसएन कौशिक के मार्गदर्शन में हुई बैठक में पालेराम शर्मा, बलराम गौतम, हरिओम हरितश, रमेश शर्मा, कर्मबीर शर्मा, मंजीत पाराशर, दीपक राज शर्मा, रमेश दीक्षित, मनोज भारद्वाज, अतर सिंह, बिल्लू पाराशर, बंटी पाराशर व नरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चार-पांच दिन में एक बार आता है पीने का पानी

# बामड़ोली के ग्रामीणों की समस्या हल कराने के लिए सीएम को भेजा पत्र

- गंदे पेयजल की सप्लाई से भी परेशानी
- अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस हरियाणा के पदाधिकारियों ने की समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस हरियाणा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को गांव बामड़ोली की समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन भेजा है। यह ज्ञापन सत्ता जनता के हाथ कार्यक्रम के तहत भेजा गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों और मजदूरों की आवाज सरकार तक पहुंचाना है।

संगठन के प्रदेश सचिव सुमित छिक्कारा और बहादुरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष ग्रामीण सुरजीत सिंह ने बताया कि ज्ञापन के साथ बामड़ोली ग्राम सभा में उठाए गए मुद्दों की सूची भी संलग्न की गई है। सुमित ने बताया कि गत 2 नवंबर को गांव में ग्राम सभा हुई थी। इसकी अध्यक्षता दलबीर सिंह ने की थी, जबकि असंगठित कर्मचारी एवं कामगार संगठन हरियाणा प्रदेश की वाइस चेयरपर्सन संतोष गुलिया मुख्य अतिथि रहीं।

ग्राम सभा में कई समस्याएं सामने आईं। अंबेडकर भवन की छत पर महीनों से अधूरा कार्य पड़ा है, जिससे पानी टपकता है और लेंटर खराब हो चुका है। अनुसूचित चौपाल में एक साल से अधिक समय से खड़े पिलरों पर अब तक लेंटर नहीं डाला गया। बामड़ोली में सफाई कर्मचारियों की संख्या मात्र चार है, जिससे सफाई कार्य प्रभावित रहता है।


बहादुरगढ़। एसडीएम नसीब कुमार को ज्ञापन सौंपते सुमित छिक्कारा व सुरजीत सिंह। फोटो: हरिभूमि

### पात्रों को नहीं मिले 100 गज के प्लॉट

पीने का पानी चार-पांच दिन में एक बार आता है, वह भी अशुद्ध होता है। गांव के होद में मछली पालन बंद कराने और नियमित स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की मांग की गई है। अलॉटमेंट सूची जारी होने के बावजूद पात्रों को 100 गज के प्लॉट नहीं मिले हैं। ज्ञापन में अनुसूचित परिवारों की फैमिली आईडी में बढ़ाई गई आय सही कराने व बहादुरगढ़ हशविप्रा कार्यालय में कार्यरत कच्चे कर्मियों को एचकेआरएन के तहत शामिल करने की मांग उठाई गई है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं का सरकार शीघ्र समाधान कराए ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

## बीज वितरण से किसानों को मिली राहत

- 2876 क्विंटल गेहूं का बीज किया जा चुका वितरित

**झज्जर।** पिछले चार-पांच दिनों से हो रहे गेहूं बीज वितरण के चलते किसानों को राहत मिली है। किसान सदन स्थित बीज वितरण केंद्रों पर अब बीज खरीदने वाले किसानों की संख्या में कमी आई है। किसानों को सहजता से बीज उपलब्ध हो रहा है। हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम लिमिटेड के प्रबंधक बालकृष्ण ने बताया कि उनके द्वारा 2876 क्विंटल गेहूं का बीज वितरित किया जा चुका है। इसी प्रकार हरियाणा बीज विकास निगम केंद्र पर भी गेहूं के 1270, 303, 187, 826 किस्म बीज का वितरण किया गया। किसानों ने अपनी पसंद के अनुसार बीज खरीदा। अधिकांश किसान 303 किस्म का बीज ही खरीदना पसंद कर रहे हैं। एक तो पैदावार अन्य किस्मों के मुकाबले अधिक होती हैं, दूसरा इसकी बिजाई देरी से भी की जा सकती हैं। पैदावार पर भी इसका कोई नकरात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।


झज्जर। बीत वितरण केंद्र पर बीज खदीरने के लिए कतारबद्ध किसान।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित छारा कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता में निशा रही प्रथम

**बहादुरगढ़।** गांव छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय सोमवार को हरियाणा दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल के कुशल दिशानिर्देशन में विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान निशा, संजना को दूसरा तथा तन्नू ने तीसरा स्थान पाया। कॉलेज के विद्यार्थियों ने हरियाणा के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, विकास और योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रों ने हरियाणा की समृद्ध परंपराओं, वीरता और प्रगति की भावना को अपने जोशपूर्ण भाषणों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर मोहित द्वारा किया गया। कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में राज्य के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है। उनकी अभिव्यक्ति क्षमता और नेतृत्व कौशल भी निखरता है।

## पोस्टर मेकिंग में सोनिया व स्लोगन में जानवी ने मारी बाजी

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन पोस्टर व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सोनिया ने प्रथम और कीर्ति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में जानवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि 1 नवंबर 1966 को पंजाब से अलग करके हरियाणा राज्य बनाया गया था। हरियाणा का इतिहास साहसी, धर्म निष्ठ और गौरवशाली लोगों के संघर्ष की गाथा है। हरियाणा के लोग अपने गरिमामयी परंपराओं और संस्कृति और इस पावन भूमि के गौरव को बनाए रखते हुए हैं। सांस्कृतिक विभाग की प्रभारी डॉ. कुसुम ने बताया कि कुरुक्षेत्र की भूमि पर भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को भगवत गीता का उपदेश दिया था। हरियाणा के सांस्कृतिक जीवन में राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था रची बसी है। कॉमर्स विभाग की प्रवक्ता वंदना ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में बनाया पोस्टर दिखाती छात्रा सोनिया।


बहादुरगढ़। प्रतियोगिता के निमंत्रण पत्र देते जितेंद्र राठी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

# राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए बहादुरगढ़ में 9 को होगा ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भारतीय शैली कुश्ती महासंघ द्वारा महाराष्ट्र राज्य भारतीय शैली कुश्ती संघ के सहयोग से देश की सबसे प्रतिष्ठित पारंपरिक कुश्ती प्रतियोगिता हिंद केसरी तथा 52वीं वरिष्ठ राष्ट्रीय भारतीय शैली कुश्ती प्रतियोगिता 20 से 23 नवंबर तक महाराष्ट्र के सातारा में होगी। महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र नफे सिंह राठी ने बताया कि इसमें हरियाणा के प्रतिनिधि पहलवानों का चयन करने के लिए 9 नवंबर को बहादुरगढ़ के ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में ट्रायल प्रतियोगिता होगी।

कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र नफे सिंह राठी और महासचिव गौरव रोशनलाल सचदेवा ने बताया कि ट्रायल में चयनित पहलवान ही हरियाणा प्रदेश की ओर से सातारा में होने वाली इस राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेंगे। उन्होंने राज्य के सभी पहलवानों, अखाड़ा संचालकों और खलीफाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। क्रीड़ा सम्राट श्री साहेबराव पवार (भाऊ) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सतारा के राजेश्वर प्रतिष्ठान में हिंद केसरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। यह आयोजन पारंपरिक भारतीय कुश्ती को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। प्रथम पुरस्कार थार गाड़ी व चांदी का गुर्ज, द्वितीय पुरस्कार ट्रैक्टर, तृतीय पुरस्कार बुलेट मोटरसाइकिल व चतुर्थ पुरस्कार हीरो मोटरसाइकिल होगी। प्रतियोगिता में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, वरिष्ठ नेता शरद पवार, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पंवार व एकनाथ शिंदे आदि को मुख्य रूप से आमंत्रित किया गया है।

# शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने की ठाकराण ढाणी की सैर

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुग्राम के पटौदी स्थित ठाकराण ढाणी की सैर कराई गई। स्कूल के मिशन किताबों से परे सीख के अंतर्गत आयोजित इस यात्रा में 1255 विद्यार्थी शामिल हुए। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और ग्रामीण जीवनशैली से परिचित कराना रहा।

ठाकराण ढाणी पहुंच कर विद्यार्थियों ने मिट्टी के बर्तन बनाने और अन्य ग्रामीण गतिविधियों को देखा और उनमें भाग लिया। विशेष रूप से वाटर पार्क, एडवेंचर जोन और मनोरंजक झूलों पर विद्यार्थियों की भीड़ उमड़ी, जहां उन्होंने खूब मस्ती की। इसके अलावा उन्होंने हरियाणा के पारंपरिक लोक नृत्यों और संगीत का भी आनंद लिया। उन्होंने इस पहल को विद्यार्थियों के सामाजिक, सांस्कृतिक और शारीरिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने कहा कि यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए केवल मनोरंजन का साधन नहीं थी, बल्कि यह शिक्षा और मनोरंजन का एक आदर्श मिश्रण साबित हुई, जिसे सभी विद्यार्थियों ने एक अविस्मरणीय अनुभव बताया। इस सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि शिक्षा केवल चारदीवारी और पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।


झज्जर। ठाकराण ढाणी के प्रवेश द्वार पर शिक्षकों के साथ उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि


बहादुरगढ़। मजदूर परिवारों में समोसे व फल बांटते समिति सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### मजदूरों में समोसे व फल बांटे

**बहादुरगढ़।** सार्थक परिवार ने मजदूर बस्तियों में जाकर समोसे और फल वितरित किए। कीर्ति के सहयोग से प्रभात कपूर, हरिचंद रोझा व दीपक सैनी ने इस सेवा में हिस्सा लिया। समिति अध्यक्ष एन एस कपूर ने बताया कि सार्थक परिवार द्वारा नियमित रूप से इस तरह की सेवा की जाती है। समिति का यही ध्येय है कि सार्थक सेवा और कर्म करते रहें।

## चेयरपर्सन ने मरम्मत कार्य का नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

# पटेल नगर में ब्लॉक नाले की होगी विशेष मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के वार्ड 27 में वर्षों से समस्या बने नाले की अब विशेष मरम्मत की जाएगी। सोमवार को नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी और वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा ने 66 फुटा रोड से सेक्टर-2 व 6 मोड़ तक के नाले की मरम्मत कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। स्थानीय लोगों ने इसका स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि पटेल नगर और आसपास के क्षेत्रों में डेयरियों की भरमार है। डेयरियों से निकलने वाला गोबर और गंदा पानी सीधे नाले में छोड़ा जाता है, जिसकी वजह से नाला बार-बार ब्लॉक हो जाता है।


बहादुरगढ़। नाले के विशेष मरम्मत कार्य का शुभारंभ करती चेयरपर्सन व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### जरूरत पड़ने पर बढ़ाई जाएगी नाले की चौड़ाई और गहराई

बरसात के मौसम में स्थिति खराब हो जाती है। स्थानीय लोगों को गंदे पानी, दुर्गंध और मच्छरों की समस्या से जूझना पड़ता है। कई बार पानी घरों तक पहुंच जाता है, जिससे लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस नाले की सफाई और मरम्मत के लिए विशेष योजना तैयार की गई है। पुराने पाइपों को निकाला जाएगा और जगह-जगह जमे मलबे को साफ किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर नाले की चौड़ाई और गहराई भी बढ़ाई जाएगी। साथ ही भविष्य में डेयरियों से सीधे नाले में गंदा पानी रोकने के लिए निगरानी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पार्षद कुलदीप राठी, राजेश तंवर, जेई आकाश आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को दिए सफलता के सूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नाहरा-नाहरी रोड स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल विद्यालय में सोमवार को करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फ्लाइंग ऑफिसर एवं मोटिवेशनल स्पीकर अभिनव छिल्लर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अभिनव छिल्लर ने कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को जीवन में करियर निर्धारण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कक्षा नौवीं और दसवीं करियर की नींव होती हैं। इसी समय विद्यार्थियों को अपने जीवन का लक्ष्य तय कर मेहनत की दिशा निर्धारित करनी चाहिए। उन्होंने 12वीं के बाद विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कोर्सों की जानकारी दी और एनडीए चयन प्रक्रिया, परीक्षा की तैयारी तथा साक्षात्कार अनुभव भी विद्यार्थियों के साथ साझा किए। वर्तमान में अभिनव छिल्लर गेटवे इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा आईआईटी रुड़की से पूरी की। विद्यालय के निदेशक अभिषेक छिल्लर ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम करने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे।


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को आवश्यक टिप्स देते फ्लाइंग आफिसर अभिनव छिल्लर।